an>

Title: Need to develop places of religious and historical importance in Jalgaon and surrounding areas in Maharashtra under Pilgrimage Rejuvenation and Spirituality Augmentation Drive Scheme.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगाँव) ः मैं एक महत्वपूर्ण विषय को सरकार के सामने लाना चाहता हूँ कि महाराष्ट्र विभाग के जलगाँव तथा उसके आस-पास के क्षेत्र में अनेक धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण स्थल हैं, जिनमें प्राचीन ओंकारेश्वर मंदिर, उनपदेव गर्म पानी के फव्वारे, रामेश्वरम-तापी, गिरना और अंजनि नदी के संगम पर, शिरसोली लेक, श्री पदमालय (गणेश मंदिर) पारोला फोर्ट (रानी लक्ष्मीबाई का मायका) उल्लेखनीय हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उल्लिखित धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपरोक्त स्थलों को पर्यटन स्थल की प्रसाद योजना के तहत चयन कर उनका विकास किया जाये तथा वहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सुविधायें मुहैया करवाई जायें।